पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2018-20 प्रकाशित ०.2019 इस अंक का मल्य 2 रुपये

॥ ओ३म् ॥



# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

हरिद्वार गुरुकुल कांगड़ी में

अन्तर्राष्ट्रीय गुरुकुल महा सम्मेलन

दिनांक 6,7 व 8 जुलाई 2018

आयोजकः

सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा

नई दिल्ली

सम्पर्कः–011–23274771,9013783101

वर्ष-35 अंक-1 ज्येष्ठ-2075 दयानन्दाब्द 194 01 जून से 15 जून 2018 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशित: 01.06.2018, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## केन्द्रीय आर्य युवती परिषद् दिल्ली का आर्य कन्या चरित्र निर्माण शिविर सम्पन्न

### संस्कारित बालिकायें सशक्त राष्ट्र का आधार – डा. रिखबचन्द जैन, चेयरमैन, टीटी ग्रुप

### एक बालिका के निर्माण से दो परिवारों का निर्माण – डा.अनिल आर्य



मुख्य अतिथि डा.रिखबचन्द जैन को सम्मानित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य, उर्मिला आर्या, राजरानी अग्रवाल, प्रवीन आर्या। द्वितीय चित्र–पार्षद मन्जु खण्डेलवाल का स्वागत करते रेखा शर्मा, उर्मिला आर्या, अर्चना पुष्करना, राजरानी अग्रवाल, प्रवीन आर्या,डिम्पल भण्डारी आदि।

रविवार, 27 मई 2018, केन्द्रीय आर्य युवती परिषद् दिल्ली प्रदेश के तत्वावधान में दिनांक 20 मई से 27 मई 2018 तक आठ दिवसीय "विशाल आर्य कन्या चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास शिविर" का आयोजन गीता भारती पब्लिक स्कूल, अशोक विहार, फेज–2, दिल्ली में शिक्षाविद् श्रीमती राजरानी अग्रवाल के सान्निध्य में किया गया। शिविर में आठ दिन तक 185 बालिकाओं ने योगासन, जूडो कराटे, लाठी, तलवार, लेजियम, डम्बल, स्तूप, संध्या यज्ञ व भारतीय संस्कृति का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डा. रिखबचन्द जैन (चेयरमैन, टी.टी. ग्रुप) ने कहा कि संस्कारित बालिकायें ही सशक्त राष्ट्र का आधार हो सकती हैं। आज लड़के और लड़कियों की जनसंख्या में अनुपात बराबर न होने के कारण समाज में कई प्रकार की समस्यायें पैदा हो रही है। समाज को कन्या भ्रूण हत्या से होने वाली समस्या को गम्भीरता से समझना चाहिये।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल आर्य ने कहा कि भौतिकवाद के युग में देश की नयी युवा पीढ़ी संस्कारों से दूर होती जा रही है ऐसे समय में इन चरित्र निर्माण शिविरों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है कि वह संस्कारवान बने ओर साथ ही वह अपनी पुरातन भारतीय संस्कृति पर गर्व करना सीखें। इन शिविरों से ही सबल राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा 22 शिविरों का आयोजन ग्रीष्म अवकाश में विभिन्न स्थानों पर चल रहा है।

समारोह अध्यक्ष रचना आहूजा (प्रदेश महामंत्री, प्रान्तीय आर्य महिला सभा) ने कहा कि जो यहां रह कर सीखा है वह हमेशा याद रखना है तथा वह सब जीवन पर्यन्त काम आयेगा।

वैदिक विद्वान आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, रविदेव गुप्ता, जितेन्द्र डावर, अर्चना पुष्करना, नीता खन्ना, अनिता कुमार, आचार्य विजयभूषण आर्य आदि ने अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्षा उर्मिला आर्या ने कुशल संचालन किया। शिविर अध्यक्ष शिक्षाविद् राजरानी अग्रवाल ने कहा कि कन्याओं के निर्माण का कार्य सराहनीय प्रयास है हम इस पुनीत कार्य को जारी रखेंगे। श्रीमती कविता आर्या, प्रवीन आर्या, सरस्वती, चिंकी व अनिता आर्या ने भजन सुनाये।

उदघाटन समारोह के अवसर पर पूर्व विधायक श्री मांगेराम गर्ग, पूर्व विधायक डा.महेन्द्र नागपाल, विधायक श्री राजेश गुप्ता, पार्षद योगेश वर्मा, मन्जु खण्डेलवाल, ओम सपरा (प्रधान,उत्तरी दिल्ली वेद प्रचार मण्डल), गोपाल आर्य, सतीश शास्त्री, परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई आदि ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

प्रमुख रूप से डा. आर. के. आर्य (स्वदेशी फार्मेसी, हरिद्वार), गीता सचदेवा, अशोक आर्य,पी.के.सचदेवा, सत्यपाल गांधी, बृजमोहन गर्ग, समीर सहगल, धर्मपाल आर्य, रवि चड्डा, देवेन्द्र गोयल, वेदप्रकाश आर्य, भारतभूषण ग्रोवर, अन्जु जावा, मीना आर्या, यशोवीर आर्य, रामकुमारसिंह, देवेन्द्र भगत, अरूण आर्य, विजय हंस, प्रवीन आर्य (गाजियाबाद), सन्तोष शास्त्री, वीरेश आर्य, योगेन्द्र शास्त्री, के. के. सेठी, काशीराम शास्त्री, राजीव आर्य, ऋतु मल्होत्रा, सतीश शास्त्री, अभयदेव शास्त्री, योगेन्द्र शास्त्री, इन्दु मेहता, डा. सुषमा आर्या, सुषमा पाहुजा, आशा भटनागर, वरूण आर्य, माधव सिंह, शिवम मिश्रा, गौरव सिंह आदि उपस्थित थे। व्यायामाचार्य सौरभ गुप्ता के निर्देशन में मनीषा,नेहा, प्रगति, करूणा, पिंकी ने शिक्षण प्रदान किया। ऋषि लंगर का आनन्द लेकर सभी विदा हुए।





सेवा निवृत होने पर श्रीमती प्रवीन आर्या का आर्य युवती परिषद् की ओर से अभिनन्दन किया गया,पूर्व विधायक मांगेराम गर्ग स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए,साथ में प्रि. राजरानी अग्रवाल,अनिल आर्य,कविता आर्या,उर्मिला आर्या। द्वितीय चित्र में बालिकायें कराटे प्रदर्शन करते हुए।

# अमेरीकी शासन की कुछ विशेषताएं

कृष्णाचन्द्र गर्ग

1. अमेरिका में देश के लिए राष्ट्रपति, प्रान्त के लिए राज्यपाल तथा नगर के लिए नगरपालिका अध्यक्ष - ये सभी सीधे जनता के द्वारा चुने जाते हैं। इसलिए सांसदों को, विधायकों को और पार्षदों को चुनावों के पश्चात आपसी गठजोड़ करने की या खरीद-बेच करने की जरूरत नहीं पड़ती।
2. विधायिका (Legislative) और कार्यपालिका (Executive) अलग अलग हैं। संसद विधायिका का काम करती है और राष्ट्रपति के ऊपर कार्यपालिका की जिम्मेदारी है।
3. संसद के दो सदन हैं-सैनेट (Senate) और House of Representatives. सैनेट के 100 सदस्य हैं जो हर प्रांत से दो के हिसाब से हैं। House of Representatives के 435 सदस्य हैं। वे हर प्रांत से आबादी के हिसाब से कम या ज्यादा हैं।
4. सांसद और विधायक-मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री नहीं बनाए जाते और न ही उन्हें कोई और लाभ का पद दिया जाता है। वे सांसद और विधायक ही बने रहते हैं। इसलिए उनका सम्बंध सीधा जनता से रहता है और वे जनता के लिए अच्छी व्यवस्थाएं बनाते हैं।
5. प्रशासन में राष्ट्रपति के सहायक के रूप में सचिव (Secretaries) हैं जिनकी संख्या 10-12 निश्चित है। राष्ट्रपति सारे देश में से योग्यता के आधार पर सचिवों का चयन करते हैं। उनकी स्वीकृति सैनेट (ससंद का एक सदन) देती है।
6. अपने स्वार्थ के लिए कोई भी चुनाव आगे पीछे नहीं कर सकता। राष्ट्रपति और संसद के चुनावों की तिथियां संविधान के द्वारा ही निश्चित की हुई हैं।
7. अवधि (Term)-राष्ट्रपति की अवधि चार वर्ष है। कोई भी व्यक्ति दो से अधिक बार राष्ट्रपति नहीं बन सकता।

   संसद के एक सदन House of Representatives की अवधि दो वर्ष है तथा दूसरे सदन सैनेट (Senate) की अवधि छः वर्ष है। हर दो वर्ष के पश्चात सैनेट के एक तिहाई सदस्य नये चुनकर आते हैं।
8. उप-चुनाव (Bye Elections) नहीं होते। राष्ट्रपति का पद खाली होने पर अगले चुनाव तक के लिए उपराष्ट्रपति को राष्ट्रपति बना दिया जाता है। उपराष्ट्रपति का पद खाली होने पर संसद की स्वीकृति से राष्ट्रपति देश में से किसी भी योग्य व्यक्ति को अगले चुनाव तक के लिए उपराष्ट्रपति बना देते हैं।

   राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव एक जोड़े (Team) के तौर पर होता है, अलग अलग नहीं।

   संसद का कोई स्थान खाली होने पर उसी निर्वाचन क्षेत्र (Constituency) का और उसी राजनैतिक दल का कोई व्यक्ति अगले चुनाव तक के लिए मनोनीत कर दिया जाता है।

   संसद भी कभी भी बीच में ही भंग नहीं होती क्योंकि संसद का अस्तित्व किसी प्रस्ताव के पास या फेल होने पर आश्रित नहीं है। इसलिए मध्यावधि चुनाव भी नहीं होते।
9. सांसद या राष्ट्रपति अपने वेतन-भत्ते स्वयं नहीं बढ़ा सकते। इस सम्बन्ध में जब कोई प्रस्ताव पास होता है वह उस समय के सांसदों या राष्ट्रपति पर लागू नहीं होता। उनकी अवधि पूरी होने पर अगली संसद या राष्ट्रपति पर लागू होता है।
10. न्यायपालिका-पूर्ण रूप से स्वतन्त्र तथा निष्पक्ष है। बड़े मामलों का फैसला आम जनता में से चुने गए 12 लोगों की ज्यूरी (Jury) के द्वारा सर्वसम्मति से किया जाता है। उच्चतम न्यायालय (Supreme Court) में 9 जज हैं। उनकी नियुक्ति आयुभर के लिए होती है। कोई स्थान खाली होने पर राष्ट्रपति किसी व्यक्ति को मनोनीत (Nominate) करते हैं। सैनेट की बहुमत से स्वीकृति के बाद ही वह व्यक्ति उच्चतम न्यायालय का जज बन पाता है।

    उच्चतम न्यायालय के पास जो भी मामला आता है उसके लिए सभी 9 जज बैठते हैं और बहुमत से फैसला करते हैं।
11. देश में कोई भी दिखावे का पद (Ceremonial Office) नहीं है। सभी के लिए पद के हिसाब से काम है तथा उसी हिसाब से वेतन है।
12. चुनाव के लिए टिकट-कोई भी राजनैतिक दल किसी को भी चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं देता। सभी को उम्मीदवारी टिकट जनता में स्वयं लेना होता है। प्राईमरी (Primary) चुनाव के द्वारा जनता जिसे ठीक समझती है उसे अधिक वोट देकर अपना उम्मीदवार बनाती है।

    इसीलिए किसी पार्टी का टिकट न मिलने पर कोई व्यक्ति पार्टी नहीं बदलता। वहां पर किसी भी व्यक्ति द्वारा पार्टी बदलना लगभग न के बराबर है।
13. मन्त्रियों के कोटे (Quotas) या सांसद निधि आदि नहीं हैं। सांसदों, सचिवों, जजों, सरकारी अफसरों आदि को सरकार की तरफ से कार, कोठी, नौकर आदि भी नहीं दिए जाते।
14. साम्प्रदायिकता-किसी भी मजहब के आधार पर देश में कोई भी कानून नहीं है। सभी कानून समता के आधार पर बने हैं। मजहब सभी के लिए एक निजी और व्यक्तिगत विषय है, राष्ट्रीय या सरकारी विषय नहीं है। किसी भी मजहब को बढ़ावा नहीं दिया जाता। इसलिए साम्प्रदायिक दंगे नहीं होते। किसी भी मजहब को लाउड स्पीकर सार्वजनिक स्थानों पर लगाने की इजाजत नहीं है। वहां पर हज यात्रा के लिए सब्सिडी नहीं दी जाती। ट्रिपल तलाक आदि की समस्याएं वहां नहीं हैं।
15. जातपात का नामोनिशान नहीं है। कोई उँच-नीच नहीं जानता।
16. कोई भी किसी प्रकार का भी आरक्षण नहीं है। सभी कुछ योग्यता के आधार पर है। जो जिसके योग्य है उसे वह काम मिल जाता है। योग्यता बढ़ाने के लिए सभी को अवसर उपलब्ध हैं।
17. शिक्षा-हाई स्कूल अर्थात 12 वर्ष तक की शिक्षा पूर्णतया निशुल्क है और दस वर्ष तक की शिक्षा सभी लड़के-लड़कियों के लिए अनिवार्य है।

    आरम्भ से अन्त तक की सारी शिक्षा में अध्यापक ही परीक्षक होता है। जो अध्यापक पढ़ाता है वही परीक्षा पत्र तैयार करता है और वही उन्हें जांचता है, वही विद्यार्थियों को ग्रेड देता है और उन्हें पास फेल करता है।

    दसवीं तक की शिक्षा अनिवार्य होने से देश की जनसंख्या वृद्धि पर नियन्त्रण रहता है क्योंकि पढ़े लिखे लोगों के बच्चे कम होते हैं। इससे बेरोजगारी पर नियन्त्रण लगता है, बाल विवाह और बाल मजदूर नहीं होते।

    लगभग सभी स्कूल स्थानीय सरकारों के अधीन होते हैं। प्राईवेट स्कूल तो कोई बिरला ही होता है। सरकारी स्कूलों का स्तर (standard) बड़ा उँचा होता है।
18. नौकरी की सुरक्षा (Security of Service) नहीं है। इसलिए लोग मेहनत और इमानदारी से काम करते हैं। रोटी की सुरक्षा (Security of Bread) सबके लिए है।
19. भाषा-अमेरिका में सैंकड़ों भाषाएं बोलने वाले लोग रहते हैं। परन्तु केन्द्र सरकार तथा सभी प्रान्तीय सरकारों की भाषा एक ही है-अंग्रेजी। इसलिए सारा देश एक इकाई के रूप में उभरा है।
20. मेहनत करने वाला कोई भी व्यक्ति गरीब नहीं है। मेहनत से कोई भी व्यक्ति थोड़े ही समय में अपनी गरीबी दूर कर सकता है। शारीरिक काम करने वालों को मेहनताना दफतरों में काम करने वालों से कम नहीं मिलता।
21. राजनेताओं के पास कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं होते। इसलिए लोग उनके आगे पीछे नहीं फिरते। वैसे भी खुशामद करना या गिड़गिड़ाना बहुत बुरा माना जाता है। दफतरों में भी गिड़गिड़ाना नहीं पड़ता। आत्म स्वाभिमान को महत्व दिया जाता है।
22. मुद्रा (Currency)—अमेरिका में स्थिरता इतनी है कि पिछले पचास वर्षों में वहां की करंसी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। आज भी वही नोट और वही सिक्के हैं जो पचास वर्ष पहले थे।

    एक और विशेष बात-वहां के हर सिक्के पर लिखा रहता है-"In God We Trust" अर्थात हमें ईश्वर की सत्ता में विश्वास है।
23. अर्थ व्यवस्था का आधार-निजि क्षेत्र (Private Sector) है। बस, रेल, हवाई जहाज, टैलिफोन, टैलिविजन, रेडियो, समाचार पत्र, बिजली, पानी, बैंक, बीमा-सभी जनता के निजि हाथों में हैं। स्कूल और पुलिस स्थानीय सरकारों के पास हैं। पोस्ट आफिस केन्द्रीय सरकार के पास है।

    इग्लैण्ड के पूर्व प्रधानमंत्री और बड़े राजनीतिज्ञ विंसटन चर्चल (Winston Churchill) ने कहा था - 'Destroy free market, you create black market' अर्थात स्वतन्त्रा बाजार समाप्त करने का मतलब है काला बाजार पैदा करना।
24. अमेरिका में कार्यकु'लता के कारण - (a) कोई आरक्षण नहीं, सभी नौकरियां योग्यता के आधार पर हैं। (b) नौकरी की सुरक्षा नहीं, परन्तु रोटी, कपड़ा, मकान, 'िक्षा की सुरक्षा सबके लिए है। (c) सम्मिलित जिम्मेदारी (Collective Responsibility) का सिद्धान्त अमेरिका में नहीं चलता, प्रत्येक व्यक्ति की अपनी जिम्मेदारी है। (d) अर्थ व्यवस्था का आधार निजि क्षेत्र (Private Sector) है।
25. अमरीकी समाज के गुण -(a)Rule of Law — कानून का राज (b) Dignity of Labour —मेहनत का सम्मान (c) Discipline— अनुशासन (d) Punctuality— समय के पाबन्द (e) No Adulteration —कोई मिलावट नहीं (f) Sense of Cleanliness — सफाई की समझ (g)Politeness — नम्रता
26. अमरीकी संविधान - अमेरिका का संविधान 1787 में बना था। उसमें अब तक कुल 27 संशोधन हुए हैं। मूल संविधान तथा सभी संशोधनों को मिलाकर कुल पच्चीस पृष्ठ की पुस्तिका के आकार का अमेरिका का संविधान है। भारत का संविधान उससे बीस गुणा बड़ा है। उसमें एक सौ से अधिक संशोधन हो चुके हैं।

    अमेरिका की सुव्यवस्था, समृद्धि, उन्नति और व्यक्तिगत स्वतंत्राता का श्रेय उनके 231 वर्ष पुराने संविधान को तथा उसे बनाने वालों को ही जाता है।

- 831 सैक्टर 10, पंचकूला, हरियाणा-0172-4010679

# मध्य प्रदेश प्रान्तीय आर्य युवक शिविर इन्दौर में सोल्लास सम्पन्न




रविवार, 27 मई 2018, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् मध्य प्रदेश के तत्वावधान में प्रान्तीय युवक चरित्र निर्माण शिविर प्राज्ञदेव स्कूल, इन्दौर में दिनांक 20 मई से 27 मई 2018 तक सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई पंहुचे, चित्र में उनका अभिनन्दन करते प्रान्तीय अध्यक्ष आचार्य भानुप्रताप वेदालंकार, यशपाल यश (जयपुर), वीरेन्द्र योगाचार्य फरीदाबाद। दिल्ली से श्री रामकुमारसिंह आर्य भी सम्मिलित हुए। प्रधान शिक्षक प्रणवीर आर्य के निर्देशन में शिक्षण हुआ। सामने आर्य युवक परेड़ करते हुए।

# हीरालाल जैन स्कूल, सदर बाजार, दिल्ली में आर्य युवक शिविर सोल्लास सम्पन्न




केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् मध्य दिल्ली के तत्वावधान में हीरालाल जैन स्कूल,सदर बाजार,दिल्ली में 15 मई से 27 मई 2018 तक आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर सोल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र में पुरस्कृत बच्चों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य,प्रधानाचार्य श्री निर्मल कुमार जैन,महेन्द्र भाई,रामकुमार आर्य,प्रवीन आर्या,अरूण आर्य आदि। मण्डल अध्यक्ष गोपाल जैन ने कुशल संचालन किया । शिक्षक गौरव सिंह ने शिक्षण दिया।

# बागेश्वर (उत्तराखण्ड) में आर्य युवा शिविर सोल्लास सम्पन्न




केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली व आ प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में सैनिक हाई स्कूल, बागेश्वर में आर्य युवा शिविर सोल्लास सम्पन्न हुआ। आर्य नेता श्री गो.बे दसिंह भण्डारी ने ध्वजारोहण किया। शिक्षक योगेन्द्र शास्त्री व प्रदीप आर्य ने शिक्षण प्रदान किया।

# करनाल के डी.ए.वी.पुलिस पब्लिक स्कूल में शिविर का शुभारम्भ






केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् करनाल के तत्वावधान में डी.ए.वी.पुलिस पब्लिक स्कूल, मधुवन, करनाल में आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर सोल्लास सम्पन्न हुआ। आर्य केन्द्रीय सभा करनाल के प्रधान श्री आनन्दसिंह आर्य का अभिनन्दन करते प्रि. अनीता गौतम,साथ में प्रान्तीय अध्यक्ष स्वतन्त्र कुकरेजा,शान्तिप्रकाश आर्य,जिला अध्यक्ष अजय आर्य,रोशन आर्य आदि। प्रधान शिक्षक सूर्यदेव आर्य के निर्देशन में विजय आर्य,सौरभ गुप्ता,विकास कुमार आदि ने शिक्षण दिया।

# आर्य समाज, भलस्वा में शिविर सम्पन्न



केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् करनाल के तत्वावधान में डी.ए.वी.पुलिस पब्लिक स्कूल, मधुवन, करनाल में आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर सोल्लास सम्पन्न हुआ। आर्य केन्द्रीय सभा करनाल के प्रधान श्री आनन्दसिंह आर्य का अभिनन्दन करते प्रि.,साथ में प्रान्तीय अध्यक्ष स्वतन्त्र कुकरेजा,शान्तिप्रकाश आर्य,जिला अध्यक्ष अजय आर्य,रोशन आर्य आदि। प्रधान शिक्षक सूर्यदेव आर्य के निर्देशन में विजय आर्य,सौरभ गुप्ता,विकास कुमार आदि ने शिक्षण दिया।

# गायत्री मीना प्रधान निर्वाचित

आर्य समाज, सैक्टर–33, नोएडा के चुनाव में श्रीमती गायत्री मीना प्रधान, रविशंकर अग्रवाल–उपप्रधान व जितेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए व महिला समाज में ओमवती गुप्ता–प्रधाना, सरला कालरा–उपप्रधाना, आदर्श बिश्नोई–मंत्री व संतोष लाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। युवा उद्घोष की ओर से हार्दिक बधाई।

## शोक समाचार : विनम्र श्रद्धांजलि

1. श्रीमती उषा अग्रवाल (आर्य समाज, विवेक विहार) का निधन।
2. श्री जैसाराम टुटेजा (संरक्षक,आर्य समाज, बैंक एनक्लेव) का निधन।
3. श्री राजेश लूथरा (सुपुत्र श्रीमती राज लूथरा,सरोजनी नगर) का निधन ।
4. श्री सुरजीत (अनुज भाई प्रदीप आर्य, शिक्षक, रोहिणी) का निधन ।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयंक प्रिंटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970